दिन– बुधवार दिनांक– 16 / 04 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. वक्फ कानून की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट आज करेगा सुनवाई।

02. विधानसभा और पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं को प्रतिनिधित्व के मामले में बिहार का प्रदर्शन अच्छा। केंद्र सरकार ने की सराहना।

03. मौसम विभाग ने कहा इस वर्ष देश में मानसून अच्छा रहेगा। बिहार में कम हो सकती है बारिश।

04. और, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण योजना लागू करने में बिहार पहले स्थान पर।

---

उच्चतम न्यायालय में आज वक्फ अधिनियम की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई होगी। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली तीन जजों की बेंच इस मामले में दायर याचिकाओं पर सुनवाई करेगी। इधर, अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि वक्फ संशोधन अधिनियम लोगों के अधिकारों की रक्षा करने और देश के नागरिक की ज़मीन को अवैध रूप से हथियाने की कोशिश को रोकने की केंद्र सरकार की नीति का हिस्सा है। कोच्चि में मीडिया से बातचीत में उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष लोगों को गुमराह कर रहा है और वक्फ संशोधन अधिनियम किसी समुदाय को अपना निशाना नहीं बनाता है। उन्होंने कहा कि अनेक मुस्लिम संगठन इस अधिनियम के समर्थन में आगे आए हैं।

---

बिहार में विधानसभा और पंचायतों में महिलाओं की भागीदारी राष्ट्रीय औसत से अधिक है। केन्द्रीय सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार लोकसभा में महिला सांसदों के मामलों में भी बिहार राष्ट्रीय औसत के लगभग बराबर है। रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश की आठ हजार चौवन पंचायतों में निर्वाचित एक लाख छत्तीस हजार पांच सौ छिहत्तर जनप्रतिनिधियों में इकहत्तर हजार छियासी महिलाएं हैं। पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी का राष्ट्रीय औसत छियालीस दशमलव दो छह प्रतिशत है।

---

प्रदेश की महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण के लिए महिला संवाद कार्यक्रम अठारह अप्रैल से शुरू होगा। जीविका के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी हिमांशु शर्मा ने बताया कि इस अभियान में दो करोड़ महिलाओं को जोड़ा जायेगा। प्रदेश के सभी जिलों के गांवों में एक साथ महिला संवाद का आयोजन किया जायेगा। महिला संवाद कार्यक्रम की शुरूआत पटना जिले से की जायेगी। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं से राज्य सरकार की योजनाओं के प्रति उनकी आकांक्षाओं की जानकारी ली जायेगी।

---

उद्योग विभाग ने गया में टेक्नोलॉजी सेंटर के लिए बीस एकड़ भूमि केन्द्र सरकार को दी है। सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय की ओर से दो सौ करोड़ रूपये की लागत से गया के खिजरसराय अंचल में टेक्नोलॉजी सेन्टर की स्थापना की जायेगी। पटना में उद्योग विभाग के निदेशक और सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के संयुक्त निदेशक ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये। इस मौके पर उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा भी मौजूद थे।

---

कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि राज्य में फल की खेती को प्रोत्साहित करने के लिए बागवानी मिशन के तहत किसानों को अनुदान दिया जा रहा है। आम और लीची की खेती के लिए पचास प्रतिशत और केला तथा पपीता की खेती के लिए पचहत्तर प्रतिशत अनुदान मिल रहा है। श्री सिन्हा ने कहा कि सिंचाई की नई तकनीकों के लिए सरकार किसानों को अस्सी प्रतिशत तक अनुदान दे रही है।

---

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि प्रदेश के सभी स्वास्थ्य संस्थानों को अग्निरोधी बनाने के लिए इक्कीस से पच्चीस अप्रैल तक सभी सरकारी अस्पतालों में अग्नि सुरक्षा सप्ताह मनाया जायेगा। श्री पांडेय ने कहा कि स्वास्थ्य संस्थानों की ओर से फायर सेफ्टी ऑडिट नियमित रूप से कराने पर बल दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि अग्नि सुरक्षा सप्ताह के दौरान अस्पताल कर्मियों को अगलगी की आपात स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी।

---

प्रदेश में किसानों को हर खेत पानी योजना के तहत मुफ्त बिजली कनेक्शन के लिए सितम्बर तक बिजली कनेक्शन उपलब्ध करायी जायेगी। इसके तहत किसान संबंधित पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने पटना में आयोजित समीक्षात्मक बैठक में कहा कि इस योजना के तहत डेढ़ लाख किसानों को

कनेक्शन देने का लक्ष्य था, लेकिन अब तक दो लाख अड़तीस हजार से अधिक किसानों को कनेक्शन दिया गया है।

———————————————————

प्रवर्तन निदेशालय ने नेशनल हेराल्ड मामले में मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य के खिलाफ आरोप–पत्र दाखिल किया है। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने आरोप–पत्र की जांच की है और आगे की कार्रवाई के लिए इस महीने की पच्चीस तारीख निर्धारित की है। आरोप–पत्र में कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा और सुमन दुबे का नाम भी आरोपी के तौर पर दर्ज है।

———————————————————

राष्ट्रीय लोक मोर्चा का तीन दिवसीय राजनीतिक मंथन शिविर छब्बीस से अट्ठाईस अप्रैल तक बेतिया में आयोजित होगा। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि इस शिविर में बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी की रणनीति तय की जाएगी।

———बाइट———

———————————————————

श्रम संसाधन विभाग की ओर से पटना में दस जून को रोजगार मेला का आयोजन किया जायेगा। मेले में उन युवाओं को शामिल होने का मौका मिलेगा, जिन्होंने नेशनल कैरियर सर्विस पोर्टल पर ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन करवाया है। मेले में पैंतीस से अधिक कम्पनियों के भाग लेने की सम्भावना है।

———————————————————

मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश और आंधी को लेकर चेतावनी जारी की है। इस दौरान भागलपुर, बांका, मुंगेर, जमुई सहित कई क्षेत्रों में भारी बारिश होने की आशंका है। इस दौरान मेघगर्जन और वज्रपात के साथ सतही हवा की गति पचास से साठ किलोमीटर प्रति घंटे रहने की सम्भावना है। वहीं, मौसम विज्ञान केन्द्र पटना ने आज कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद के अलावा पूर्वी और दक्षिण–मध्य भाग के क्षेत्रों में मेघगर्जन और वज्रपात को लेकर अलर्ट किया है।

———बाइट———

इधर, मौसम विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि इस बार मॉनसून के दौरान जून से सितम्बर तक देश में अच्छी बारिश के आसार हैं। श्री महापात्रा ने बताया कि इस बार बिहार में मॉनसून की बारिश कम होने की सम्भावना है।

———————————————————

प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण योजना लागू करने में बिहार ने पहला स्थान हासिल किया है। केन्द्रीय सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण और उद्योग मंत्रालय ने पीएमएफएमई योजना को लागू करने को लेकर बिहार के प्रदर्शन की सराहना की है। मंत्रलाय के अपर सचिव मिनहाज आलम ने पत्र लिखकर बताया कि बिहार ने दो हजार चौबीस–पच्चीस में इस योजना के तहत दूसरा सर्वाधिक संचयी प्रदर्शन किया है। जारी आंकड़ों के अनुसार इस अवधि के दौरान बिहार ने ग्यारह हजार इकाईयों का लक्ष्य निर्धारित किया था, जिनमें दस हजार दो सौ सत्तर योजनाओं को स्वीकृति मिली।

---

प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में पहली कक्षा के लिए बच्चों का नामांकन अब बाईस अप्रैल तक चलेगा। इससे पहले नामांकन की तिथि पन्द्रह अप्रैल तक निर्धारित थी। शिक्षा विभाग ने कहा कि प्रदेश के साढ़े पांच वर्ष से लेकर छह वर्ष तक के बच्चों का पहली कक्षा में नामांकन कराना है। अब तक इस अभियान के तहत पूरे प्रदेश में साढ़े तीन लाख बच्चों का नामांकन पहली कक्षा में किया गया है।

---

बिहार लोक सेवा आयोग ने पच्चीस अप्रैल से होने वाली सत्तरवीं मुख्य परीक्षा में परीक्षार्थी को तीन विषय में कैलकुलेटर का प्रयोग करने की अनुमति दी है। आयोग ने कहा है कि सामान्य अध्ययन में साधारण कैलकुलेटर और गणित तथा सांख्यिकी विषय में साईंटिफिक कैलकुलेटर के इस्तेमाल पर छूट होगी। इससे पहले परीक्षा में कैलकुलेटर सहित इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के प्रयोग पर रोक थी।

---

पटना में एक बार फिर बर्ड फ्लू के दो मामले सामने आये हैं। इसको लेकर जिला प्रशासन ने अलर्ट जारी किया है। जिले के सदर अनुमंडल अंतर्गत मरची गांव में लगभग एक हजार मुर्गियां बर्ड फ्लू से मर गयी थी। वहीं, जिले के नेहरू पथ स्थित एक आवास में मुर्गियों के अचानक मरने की खबर के बाद सैंपल जांच में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। पशु पालन विभाग की ओर से प्रभावित इलाकों में इंटीवायर दवाओं का छिड़काव किया जा रहा है।

---

रेलवे ने रद्द की गयी चार जोड़ी ट्रेनों का परिचालन पुनर्बहाल किया है। इन ट्रेनों में दरभंगा–अमृतसर एक्सप्रेस, रक्सौल–आनंद विहार एक्सप्रेस, सहरसा–अमृतसर एक्सप्रेस और दरभंगा–जालंधर सिटी एक्सप्रेस शामिल हैं। मुख्य जनसम्पर्क पदाधिकारी सरस्वती चन्द्र ने बताया कि इन सभी ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाया जा रहा है।

---

पटना विश्वविद्यालय ने एक साथ एकेडमिक कैलेंडर परीक्षा कैलेंडर और खेल कैलेंडर जारी किया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने बताया कि चौबीस अप्रैल से सभी स्नातक स्तरीय विषय में दाखिले की प्रक्रिया शुरू होगी। वहीं, स्नातकोत्तर सहित वोकेशनल कोर्स में दाखिले के लिए दो जुलाई से ऑनलाईन आवेदन लिये जायेंगे। स्नातक में आवेदन के लिए अंतिम तिथि तेईस मई और स्नातकोत्तर के लिए अंतिम तिथि इक्कीस जुलाई निर्धारित की गयी है। वहीं, पटना विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स कैलेंडर के अनुसार खेल स्पर्धाएं आठ सितम्बर से शुरू होगी। इधर, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय में नये शैक्षणिक सत्र से खेल कोटे के तहत छात्र–छात्राओं का दाखिला शुरू हो गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने कहा है कि इस बार जिस कॉलेज में जितनी सीटें हैं, उन सीटों में तीन प्रतिशत खेल कोटे के लिए आरक्षित होंगी।

---

चार से पन्द्रह मई तक आयोजित होने वाले खेलो इंडिया यूथ गेम्स को लेकर प्रदेश में मशाल गौरव यात्रा शुरू हो गयी है। मशाल गौरव यात्रा नालंदा और बेगूसराय में पहुंची है। यह यात्रा दो मई तक जारी रहेगी। गौरव यात्रा के तीन रथ प्रदेश के अलग–अलग जिलों में खेल के प्रति लोगों को जागरूक और प्रोत्साहित करने के लिए किया जा रहा है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– बिहार विधानसभा चुनाव पर राजद और कांग्रेस की पहली औपचारिक बैठक नई दिल्ली में। अखबर लिखता है– बिहार में राजद और कांग्रेस साथ लड़ेंगे।

दैनिक जागरण ने मौसम से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुये लिखा है– बिहार में इस बार सामान्य से कम हो सकती है वर्षा।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. वक्फ कानून की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट आज करेगा सुनवाई।

02. विधानसभा और पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं को प्रतिनिधित्व के मामले में बिहार का प्रदर्शन अच्छा। केंद्र सरकार ने की सराहना।

03. मौसम विभाग ने कहा इस वर्ष देश में मानसून अच्छा रहेगा। बिहार में कम हो सकती है बारिश।

04. और, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण योजना लागू करने में बिहार पहले स्थान पर।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।